Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

News Paper: Amar Ujala **Date: 09.02.2022**

NTPC में करें आवेदन ■ 177 पद

माइनिंग ओवरमैन, माइनिंग सरदार के पद

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु 57 वर्ष निर्धारित की गई है।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवार कोयले के लिए डीजीएमएस द्वारा जारी सीएमआर के अंतर्गत योग्यता के वैध सरदार प्रमाणपत्र के साथ मैट्रिक/10वीं पास हो/ ओवरमैन प्रमाणपत्र के साथ किसी प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त संस्थान से माइनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक हो।
- **चयन का तरीका :** इन पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा पर आधारित होगा। आयु, पात्रताएं, अनुभव आदि के अनुसार योग्य उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। कौशल परीक्षा अभ्यर्थियों के क्वालीफाईंग अंकों के आधार पर होगी।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 15 मार्च, 2022 (ऑनलाइन)

आवेदन शुल्क : रुपये 300/- | www.ntpc.co.in/

ग्रुप-सी के पदों पर मौके ■ 45 पद

MIRC में कुक, वॉशरमैन व अन्य पद रिक्त

- **आयु-सीमा :** 12 फरवरी, 2022 के अनुसार न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 25 वर्ष तक होनी चाहिए।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवार मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण या समकक्ष हो एवं उसके पास कंप्यूटर पर अंग्रेजी टाइपिंग और हिंदी टाइपिंग का ज्ञान व विभिन्न ट्रेड्स में अनुभव हो।
- **चयन प्रक्रिया :** योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। यह लिखित परीक्षा 100 अंकों की निर्धारित की गई है।
- **वेतनमान :** पे मैट्रिक्स लेवल-2 रुपये 19,900-रुपये 63,200।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** इच्छुक अभ्यर्थी 12 फरवरी, 2022 तक आवेदन करें। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य देखें।

आवेदन का माध्यम : ऑफलाइन | https://indianarmy.nic.in/

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ■ 583 पद

झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2022

- **आयु-सीमा :** अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु वर्गानुसार निर्धारित की गई है।

Job of the day

- **पात्रताएं :** उम्मीदवार ने मान्यता प्राप्त संस्थान से मैट्रिक/10वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो। (पात्रताओं के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि को आधार तिथि माना जाएगा। कृपया ऑफिशियल वेबसाइट अवश्य देख लें)
- **चयन प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों का चयन तीन चरणों की परीक्षा पर आधारित होगा। पहले चरण में आयोग द्वारा अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण कराया जायेगा। यह परीक्षा क्वालिफाइंग होगी। दूसरे चरण में बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा मे उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की तीसरे चरण में चिकित्सीय जांच आयोग द्वारा कराई जाएगी।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** योग्य उम्मीदवार 25 फरवरी से लेकर 26 मार्च, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करें।

आवेदन शुल्क : 100/- | www.jssc.nic.in